सेंटिनल
आपकी जुबान में आपके दिल की बात
नगर सं
गुवाहाटी और डिब्रुगढ़ से एक साथ

# आईसीएसआई ने मनाया कैपिटल मार्केट्स वीक

**गुवाहाटी,31 मई (कासं)।** इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेकेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) में जागरूकता लाने तथा बेहतर प्रशासनिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से देशभर में 25 से 31 मई तक कैपिटल मार्केटस द इंजीन फॉर इकोनामिक ग्रोथ शीर्षक थीम से आईसीएसआई ने कैपिटल मार्केट वीक मनाया। गुवाहाटी में भी कैपिटल मार्केटस वीट के मौके पर एक मेगा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आईसीएसई के अध्यक्ष सीए अतुल एच मेहता ने अपने संबोधन में कहा कि कंपनी सेक्रेटरी को एक समय सीमा के भीतर पेशागत विकास करना पड़ता है। उन्होंने जानकारी दी कि सेवी एक्ट (एसईबीआई) 1992 के अतंर्गत सेवी द्वारा जारी विभिन्न सुरक्षामूलक कानूनों तथा सिक्यूरिटीज कंट्रेक्ट (रेंगुलेशन) एक्ट 1956 डिपोजिटर्स एक्ट 1956, रेगुलेशन्स एंड गाइडलाइंस तथा इक्विटी के स्टॉक एक्सेंज के लिस्टिंग एग्रिमेंट, आईटीआरओ के तहत कंपनी सेक्रेटेरियों को कंपनियों का सत्यापन एवं प्रमाण पत्र जारी करने की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस अवसर पर असम के पूर्व मुख्य सचिव जितेश खोसला ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेकर आईसीएसई को कैपिटल मार्केट वीक के आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने इसे आर्थिक विकास के लिए सकारात्मक दिशा बताया। इस मौके पर कई सीए ने अपने विचार रखे।